साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: क्विक हिल फाउंडेशन, सृजन-एक सोच संस्था व शाहजहांपुर पुलिस की ओर से साइबर सुरक्षा विषय पर याकूबपुर चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इसमें लोगों को ऑनलाइन ठगी कैसे की जाती है, इसके बारे में जानकारी दी गई और इससे बचाव के लिए जागरूक किया गया।

लोगों को बताया गया कि ओटीपी कभी किसी के साथ साझा न करें, सोशल मीडिया का इस्तेमाल कम से कम करो, सोशल मीडिया पर फोटो एचडी क्वालिटी के न हों, फेक लिंक, फेक मेसेज, फेक कॉल कभी न उठाओ और बहुत सारे विषय के बारे में इस नुक्कड़ नाटक में जानकारी दी गई। नाटक प्रस्तुत करने वाली टीम के कलाकार मुंबई से योगेश ,अमोल आगलावे, निलेश माने, कृष्णा नवले, गौरव निमकर, कृष्णा सकपाल आदि रहे। सृजन एक सोच के प्रसाद शंभू ने बताया कि डिजिटल युग में डिजिटल साक्षरता व जागरुकता अति आवश्यक है। लोगों को डिजिटल लेन-देन व इनके लाभ हानि के बारे में पूरी समझ और सावधानी बरतने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। बाजार में भी कैश पेमेंट से बचे।

नाटक मंचन के जरिये लोगों को जागरूक करते कलाकार। • अमृत विचार

- याकूबपुर चौराहे के पास किया गया नाटक का मंचन
- बचाव के तरीकों के बारे में दी गई जानकारी